# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 20 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री



12 अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन ने 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सीएम के नाम पर सौंपा



13 महिला आयोग में पीड़ित महिलाओं को मिलेगा शत-प्रतिशत न्यायः दीपिका






## खबर संक्षेप

### ईडी की कार्रवाई पर कांग्रेस करेगी 22 को चक्काजाम

**जगदलपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र के खिलाफ की गई ईडी की कार्यवाही के विरोध में कांग्रेस आर्थिक नाकेबंदी करेगी। 22 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक चक्का जाम कर अडानी के लूट के खिलाफ आर्थिक नाकेबंदी की जायेगी।

### बघेल पुत्र की गिरफ्तारी पर फूंका ईडी का पुतला



**जगदलपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र की गिरफ्तारी के विरोध में शुक्रवार की शाम बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर के नेतृत्व में राजीव भवन के समक्ष ईडी का पुतला फूंक जमकर विरोध प्रदर्शन किया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुशील मोर्य ने कहा मोदी सरकार ईडी, सीबीआई और अन्य जांच दलो के जरिये कांग्रेस को डराने का काम कर रहे है। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

### वाहनों को पत्थर से तोड़ा गया, कार्रवाई की मांग

**गीदम।** शहर में लगातार असामाजिक तत्वों द्वारा संदिग्ध गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है। पिछले 2 दिनों से रात्रि के समय असामाजिक तत्वों द्वारा आतंक मचाया जा रहा है। असामाजिक तत्वों द्वारा शुक्रवार की अर्धरात्रि पत्रकारों की गाड़ियों पर पत्थर से हमला किया। पत्रकार दिनेश शर्मा की स्कॉर्पियो के शीशे फोड़ने के साथ ही अनीश गुप्ता के निवास पर खड़ी कार पर भी पत्थर से हमला किया गया। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व ही नगर के एक व्यापारी के निवास पर खड़ी बाइक को भी रात में पेट्रोल डालकर जला दिया गया था। कुछ माह पूर्व एक शिक्षक की कार को भी कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जला दिया गया था। घटना की रिपोर्ट पत्रकारों ने गीदम थाने में की है।

### निगम दफ्तर में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**गीदम।** संभाग आयुक्त के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को कार्यालय की साफ सफाई के साथ-साथ फाइलों को व्यवस्थित रखने, ऑफिस में टूटे फूटे सामान हटाने एवं ऑफिस के आसपास सफाई रखने हेतु निर्देश प्राप्त हुए है। जिसके परिपालन मे नगर पंचायत गीदम कार्यालय में शनिवार सुबह 8 बजे से 9 बजे तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत गीदम हुलसी प्रधान, उप अभियंता मुकेश कुमार कोर्राम, लेखापाल अंकित जैन, कार्यालय कर्मचारी रामलखन पटेल, शिवशंकर श्रीवास्तव, नागेश ध्रुव, रविंद्र चौहान एवं समस्त अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वाटर प्रूफ लिफाफे में सुरक्षित पहुंचेंगी भाई के घर बहन की राखियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

डाक विभाग के सहयोग से दूर शहरों में भी समय पर राखी पहुंच सकेंगी। इसके लिए डाक विभाग ने विशेष प्रबंध किया है, डाक विभाग के पास वाटर प्रूफ लिफाफे पहुंच गए है। दूरदराज रहने वाले भाइयों को बहनें अब वाटर प्रूफ लिफाफे में रक्षासूत्र (राखी) सुरक्षित भेज सकेंगी। बारिश के मौसम में भी राखी नहीं भीगेंगी। बस्तर संभाग डाकघर के अधीक्षक आरपी वर्मा ने बताया कि वाटर प्रूफ लिफाफा मुख्य डाकघर में लिफाफे पहुंच गए है। मुख्य डाकघर से जिले के दूसरे पोस्ट ऑफिस में भी भेजे जाएंगे। बस्तर सैकड़ों युवक सेना, पुलिस या आजीविका के लिए घर से दूर रह रहे हैं। उनके लिए समय से राखी पहुंचे, इसके लिए जरूरी है कि राखी समय से प्रेषित भी की जाए, इसके साथ जिला में दूसरे शहरों में आने वाली डाक को भी प्राथमिकता के साथ वितरण किया जाए। बारिश के मौसम पहले वाटर लिफाफा नहीं होने से राखी भीग जाती थी, जिससे खराब होने का डर रहता था, लेकिन अब डाक विभाग द्वारा रक्षाबंधन पर्व पर वाटर प्रूफ लिफाफे जारी किए है, जिससे राखी भीगने से बच सकेगी।

**लिफाफा अलग होने से समय पर पहुंच जाएंगी राखियां :** डाक विभाग के एक कर्मचारी ने बताया कि रक्षाबंधन पर स्पेशल लिफाफे होने से कर्मी को डाक पहचाने में आसानी होती है। इससे कर्मचारी पहले रक्षाबंधन के लिफाफे को उसे पहुंचाने का कार्य करता है। पहले सभी लिफाफे एक जैसे होने की वजह से कर्मी को पता नहीं चल पाता था कि किस लिफाफे में राखी डाली हुई है। इसकी वजह से कई बार देरी से डाक पहुंच जाती थी, लेकिन अब अलग लिफाफा होने से समय पर डाक पहुंच जाती है।

**मुख्य डाकघर में आए लिफाफे पर भीगने से बच सकेंगी राखियां**



### डाक विभाग ने लगाई पीली पेटियां

बताया जा रहा है कि भाई-बहन के पवित्र त्योहार के लिए डाक विभाग पूरी तरह से तैयार है। भारतीय डाक विभाग ने संभाग के सभी डाकघरों में राखी के लिए विशेष पीली पेटियां रखी हैं। अधीक्षक डाकघर ने बताया कि संभाग मुख्यालय में तीन पीली डाक पेटी के साथ ही सुकमा, नारायणपुर, बीजापुर, कांकेर और कोंडागांव जिले में राखी के लिए विशेष पीली पेटी रखी गई है। इन पत्र पेटियों में प्राप्त डाक को सुरक्षित रूप से डाक विभाग भेजेगा। इन पेटियों को दिन में दो बार खोला जाएगा और राखियों को दिए गए पते पर भेजा जाएगा।

## मुख्य मार्गों की स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से बंद, गंदगी से शहर के लोग बेहाल

# जनहित के मुद्दों पर कांग्रेस ने निगम दफ्तर का किया घेराव एवं आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- आवारा पशुओं और कुत्तों को पकड़ने एवं रख रखाव की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया

नगर के वार्डों में व्याप्त समस्याओं और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में नगर निगम कार्यालय का घेराव किया गया। नारेबाजी के बीच निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया।

जिला कांग्रेस कार्यालय से रैली निकाल कर कांग्रेस कार्यकर्ता नगर निगम कार्यालय पहुंचे। ज्ञापन में कहा गया है कि नगर निगम में मूलभूत सुविधाओं को लेकर गैर जिम्मेदारी देखी जा रही है और जनता को हो रही परेशानियों के प्रति महापौर एवं निगम प्रशासन उदासीन बने हुए हैं। मुख्य मार्गो की स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से बंद पड़ी हैं। इससे आम नागरिकों को रात में आवागमन में भारी ⏭ शेष पेज 12 पर



### साफ-सफाई में पक्षपात

कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि नाली व कचरा सफाई के लिए दी जाने वाली जेसीबी गाड़ियों के वितरण में राजनीतिक भेदभाव किया जा रहा है, जिसमें प्रशासनिक हस्तक्षेप स्पष्ट दिखती है। शहर एवं बस्तर जिले के आवासीय क्षेत्र जो कि नजूल क्षेत्र में हैं और जहां कई वर्षों से लोग निवासरत हैं। उन्हें सरकार के द्वारा पट्टा प्रदाय किया गया है, उक्त भूमि में मकान बनाकर बिजली पानी के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जो की पूर्व में जारी किया जाता था वर्तमान में महापौर के निर्देश पर अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा है, जिससे जनमानस को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनके परिवार में बच्चों की पढ़ाई और जीवन यापन में काफी दिक्कतें आ रही है। प्रदर्शन में नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, जतिन जायसवाल, शाहिद हुसैन एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डेढ़ साली की टंगिया मारकर हत्या की, हरिबघेल को उम्रकैद की सजा

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के छोटेकड़मा गांव में ग्रामीण ने महिला की हत्या की है। न्यायालय ने अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा दी। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोड़ेनार पुलिस थाना अंतर्गत छोटेकड़मा निवासी हरि बघेल ने रात में पत्नी की बड़ी बहन रैमती को टंगिया से मारपीट किया। जिससे रैमती को बांये माथा, आंख के नीचे, दाहिनी छाती, दाहिने हाथ की कोहनी के सामने, दांये एवं बांये पैर के घुटना के पास व बांये कान के ऊपर चोट पहुंचा बेहोश होने के बाद उसकी मृत्यु हो गई। मामले में पुलिस थाना में आरोपी पर धारा 450, 324, 302 भारतीय दण्ड संहिता भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध कर न्यायालय में मामला दाखिल किया। मामले की सुनवाई कर रहे प्रधान सत्र न्यायाधीश गोविंद नारायण जांगड़े ने हत्या के आरोपी हरि बघेल को दोषी पाते हुए भादसं की धारा 450 में 5 वर्ष के कठोर कारावास एवं 100 रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया जाता है, अर्थदण्ड राशि अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा तथा धारा-324 भादसं में दोषी ठहराते हुए उसे एक वर्ष के कठोर कारावास तथा 100 रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया जाता है। अर्थदण्ड राशि अदा न करने पर एक माह का ⏭ शेष पेज 12 पर



## तोकापाल-कालेपाल रोड में 100 पीपल पौधों का रोपण




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

इंद्रावती बचाव अभियान के द्वारा सावन माह के शुभ अवसर पर तोकापाल से कालेपाल रोड किनारे पीपल के पेड़ लगाए गए। इस आयोजन में शनिवार को 100 से भी अधिक पेड़ों का रोपण किया गया। इस अवसर पर सीआरपीएफ 241 बटालियन के कमांडेंट हरविंदर सिंह के मुख्य आतिथ्य में पेड़ लगाए गए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बस्तर में पक्षियों की विविधता को बढ़ाना व पक्षियों के लिए नैसर्गिक वास का निर्माण करना है जिससे कि बस्तर की जैव विविधता संतुलित रह सके। कार्यक्रम में इंद्रावती बचाव अभियान तथा रोटरी अध्यक्ष राहुल जैन रोट्रेक्ट चेयरमेन कुलजीत कॉम्बो, रोट्रेक्ट क्लब अध्यक्ष अप्रतिम झा व सचिव दिव्यांश सिंघल, अमन मोदी, आशय मोदी, शुभम सोनी, हर्ष दुग्गड, निखिल गोलछा, राहुल साहू, पीयूष पांडे, वेंकटेश्वर नायडू, अक्षय गुप्ता, कौस्तुभ ठाकुर, खुशनित, शारोन सिंह, आदित्य राज देवांगन, राधा वड्डे मौजूद रहे। रतन लाल जैन जितेंद्र अहलूवालिया,अर्चना जैन, इंद्रावती बचाव अभियान से दशरथ कश्यप,किशोर पारेख, संपत झा, डॉक्टर प्रदीप पांडे,ज्योति गर्ग, जय सुनीता उमर वैश्य रानू शुक्ला उपस्थित थे।



## शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर की गई कार्रवाई



**गीदम।** लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए गीदम पुलिस और यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा अभियान चलाया, जिसमें शराब पीकर वाहन चलाने वालों की ब्रीथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई। इस दौरान कई वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। गौरतलब हैं कि गीदम पुलिस और यातायात पुलिस का उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और सड़कों पर चालकों के गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार के खिलाफ कार्रवाई करना है। पुलिस ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है, जिससे कि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। चेकिंग के दौरान गीदम थाना प्रभारी विजय पटेल ने लोगों को यातायात नियमों का पालन करने ⏭ शेष पेज 12 पर

## जनभागीदारी से विकास को गति देने का आग्रह

# तेलीमारेंगा व सरगीगुड़ा के जमीन विवाद का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त पहल से दोनो गांव के ग्रामीणों ने दी सहमति

कलेक्टर हरिस एस के निर्देश पर शनिवार को तोकापाल में पंचायत पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों की एकजुटता से तेलीमारेंगा एवं सरगीगुड़ा के जमीन विवाद का निराकरण किया गया। जिसके तहत राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा सयुंक्त रूप से एसडीएम कार्यालय तोकापाल में शिविर आयोजित कर मामले के समाधान उपरांत मौके पर जाकर उपस्थित सभी लोगों को अवगत कराया गया। इस दौरान एसडीएम शंकर लाल सिन्हा और एसडीओपी केशलूर लक्ष्मण पोटाई ने तहसीलदार तोकापाल एवं बास्तानार सहित थाना प्रभारी परपा तथा बुरगुम के साथ पंचायत पदाधिकारियों और ग्रामीणों से चर्चा कर उक्त दोनों गांवों के जमीन विवाद को आपस में मिल बैठकर सुलझाने की समझाइश दी और जनभागीदारी से विकास को गति देने का आग्रह किया। वहीं क्षेत्र में शान्ति और सामाजिक समरसता बनाए रखने की अपील ग्रामीणों से की गई। इस दौरान क्षेत्र के पंचायत पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने भी परस्पर सहयोग एवं समझौते के माध्यम से उक्त जमीन विवाद के स्थायी समाधान के लिए सहमति जताई। इस मौके पर थाना प्रभारी कोड़ेनार, दरभा एवं पखनार मौजूद रहे।






# जूडो की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लेखा नेताम ने जीता स्वर्ण पदक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव**

16 से 20 जुलाई तक उत्तर प्रदेश के नोएडा में 54वीं केन्द्रीय विद्यालय राष्ट्रीय स्तर की जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

कोण्डागांव की लेखा नेताम का उत्कृष्ट प्रदर्शन – कोण्डागांव जिले के बदांपारा निवासी लेखा नेताम ने प्रतियोगिता में –52 किलो भार वर्ग में भाग लिया। लेखा नेताम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। लेखा नेताम ने 41वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस से जूडो का प्रशिक्षण प्राप्त किया था।

**नोएडा में केन्द्रीय विद्यालय में राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता हुई**



### जिला व राज्य स्तर पर मिली सराहना

लेखा नेताम की इस राष्ट्रीय स्तर की सफलता पर जिला प्रशासन कोण्डागांव, उप महानिरीक्षक संजीव रोलबा और सेनानी नरेंद्र सिंह द्वारा उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दी गई है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र से उभरते इस प्रकार के प्रतिभावान खिलाड़ियों की उपलब्धियों को जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिल रही है।

**युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी लेखा नेताम** – लेखा नेताम की यह सफलता न केवल उनके परिवार और जिले के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए भी एक प्रेरणास्रोत है। प्रशिक्षण और कड़ी मेहनत से किस प्रकार राष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्टता प्राप्त की जा सकती है, इसका उदाहरण लेखा नेताम ने प्रस्तुत किया है।

आईटीबीपी के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की अहम भूमिका – लेखा नेताम की इस उपलब्धि के पीछे 41वीं वाहिनी आइटीबीपी का अहम योगदान रहा। उप महानिरीक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय भुवनेश्वर संजीव रोलबा के मार्गदर्शन और सेनानी नरेंद्र सिंह के अथक प्रयासों के तहत जिले में आइटीबीपी द्वारा निरंतर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। विशेष रूप से नक्सल प्रभावित क्षेत्रें में इन प्रशिक्षणों से युवाओं को सकारात्मक दिशा में अग्रसर किया जा रहा है।

प्रशिक्षकों को भी मिली सराहना – इस उपलब्धि में प्रशिक्षक उदय सिंह यादव और नारायण सोरेन की भूमिका को भी विशेष रूप से सराहा गया है, जिन्होंने लेखा नेताम को उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान किया।

**खबर संक्षेप**



## 800 से अधिक पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाया गया

**कोण्डागांव।** जिले में सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक सराहनीय पहल की जा रही है, जिसके तहत घुमंतू पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाए जा रहे हैं। यह पहल सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने और पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है।

किया गया 12 पशुओं का टीकाकरण – शनिवार को इस अभियान के तहत उपसंचालक, पशुपालन विभाग के मार्गदर्शन में डॉ. रुचिका सोनपिपरे के नेतृत्व में श्रीमती मालती नेताम पशुधन विभाग की संयुक्त टीम एवं नगर पालिका के दल द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुल 21 पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाए गए। इसके साथ ही 12 पशुओं का टीकाकरण भी किया गया।

लगभग 800 पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाया जा चुका है – पशुपालन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले में लगभग 800 पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाया जा चुका है, जिसमें से वर्ष 2025 में अब तक 70 पशुओं को यह बेल्ट लगाए गए हैं। यह प्रयास न केवल सड़क हादसों की रोकथाम में मददगार सिद्ध हो रहा है, बल्कि पशुओं की जानमाल की सुरक्षा के लिहाज से भी महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। यह अभियान भविष्य में और व्यापक रूप से जारी रखने की योजना है जिससे जिले में सड़क सुरक्षा को और अधिक मजबूत किया जा सके।

## कर्मचारी हलचल: वेतन विसंगति पर गठित समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए

# अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन ने 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सीएम के नाम पर सौंपा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल**

छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन ने प्रदेश के शासकीय सेवकों की प्रमुख 11 मांगों को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी केशकाल की ओर से तहसीलदार महोदय के माध्यम से प्रेषित किया गया। ..ज्ञापन में फेडरेशन ने मांग की है कि शासकीय सेवकों को केंद्र सरकार के समान 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि से प्रदान किया जाए, जुलाई 2019 से लंबित डीए की एरियर्स राशि जीपीएफ खाते में समायोजित की जाए और वेतन विसंगति पर गठित समिति की रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए। अन्य प्रमुख मांगों में 8, 16, 24 और 30 वर्ष की सेवा पर पदोन्नत वेतनमान का लाभ, सहायक शिक्षक एवं पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय समयमान वेतनमान प्रदान करने, अन्य भाजपा शासित राज्यों की तरह कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने.., मध्यप्रदेश की तर्ज पर 300 दिवस तक अवकाश



नगदीकरण की अनुमति, खाते में कटौती तिथि से सेवा गणना करते हुए पूर्ण पेंशन पात्रता होफेडरेशन ने स्पष्ट किया है कि यदि मांगों पर निर्णय नहीं होता है तो प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। इसके अंतर्गत राज्य भर में रैलियों के माध्यम से ज्ञापन सौंपे जाएंगे और 22 अगस्त को सामूहिक

### जिला एवं तहसील मुख्यालयों में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा

प्रातीय संचालक—केदार जैन ने मोदी की गारन्टी को लागू करने व समय-समय महंगाई भत्ता को दिये जाने की मांग की.. प्रवक्ता—अली पासा ने कहा कि वर्तमान सरकार अपने वायदे से बार बार मुकर रही है.. जिसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा.. सह संयोजक—लोकेश गायकवाड ने 11 सूत्रीय मांगो को सभा मे वाचन किया... सभा का संचालन—रोशन हिरवानी ने किया। इस अवसर काफी संख्या मे कर्म चारी उपस्थित रहे। ज्ञापन सौंपने के दौरान शिक्षक साझा मंच के संचालक—केदार जैन, प्र प्रातीय संचालक, लोकेश गायकवाड, सह संयोजक जिला कोडागांव, श्याम लाल कोर्राम संयोजक केशकाल, गिरजा शंकर साहू सह संयोजक विकास खण्ड के जाबांज पदाधिकारीगण—अमित मंडावी,शुएब अली, देवेन्द्र कुपाल,नीलम मेश्राम, गजेन्द्र सुरोजिया, राधेश्याम मंडावी, दिनेश टेकाम. सनवारू गावडे. चंद्र किशोर सलामे, मोहित नेताम, विवेक नेताम, प्रवीण शोरी आदि सेवारत सहित विभिन्न विभागों के शासकीय सेवक उपस्थित रहे।

## आत्मानंद विद्यालय दहीकोंगा में छात्र परिषद युवा क्लब गठित



**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मंशा के अनुरूप, बच्चों में रचनात्मक कौशल विकसित करने और समुदाय हित में कार्य करने के उद्देश्य से, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, दहीकोंगा में छात्र परिषद युवा क्लब के गठन हेतु निर्वाचन प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

नए छात्र नेताओं का चुनाव और उत्साहपूर्ण मतदान – संस्था के प्राचार्य त्रिनाथ प्रसाद जोशी ने ऋषिदेव सिंह व्यायाम शिक्षक को नोडल शिक्षक और वरिष्ठ व्याख्याता अमलेश्वर बारले को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के कुल 518 बच्चों के लिए चार मतदान केंद्र बनाए गए थे। मतदान प्रतिशत 518 में से 381 छात्रें ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो कि 73.6 प्रतिशत रहा। पहली बार मतदान करने को लेकर छात्र–छात्रओं में विशेष उत्साह देखा गया। रंगीन मतपत्रें का प्रयोग छात्र प्रतिनिधि के लिए नीला, छात्र प्रतिनिधि के लिए गुलाबी, सचिव के लिए सफेद और कोषाध्यक्ष के लिए पीले रंग के मतपत्रें का उपयोग किया गया।

**निर्वाचित पदाधिकारी** – छात्र नायक साकीराम मौर्य 284 मत। छात्र प्रतिनिधि डिगेश्वरी पांडे 211 मत। सचिव ऋषिका मानिकपुरी 201 मत। कोषाध्यक्ष कौस्तुभ दूबे 283 मत।

**चुनाव प्रक्रिया और सहयोग** – निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने के लिए छात्र समूह से पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी 01, मतदान अधिकारी 02 एवं मतदान अधिकारी नियुक्त किए गए थे। विभिन्न कक्षाओं के छात्रें ने इन भूमिकाओं का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। इसके अतिरिक्त, शिक्षक–शिक्षिकाओं को भी पर्यवेक्षक, ऑब्जर्वर एवं प्रभारी के रूप में नियुक्त किया गया था। संस्था के समस्त शिक्षक–शिक्षिकाओं और कर्मचारियों ने निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में विशेष सहयोग दिया। मतदान केंद्रों पर ही मतगणना का कार्य पूरा किया गया।

**शिक्षकों को शिक्षण के आधुनिक और सरल तरीकों से अवगत कराया गया**

# सशिमं के शिक्षकों को शैक्षणिक एवं नैतिक विषयों पर दिया गया प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव**

शनिवार को सरस्वती शिक्षा मंदिर अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, कोंडागांव में एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और विभिन्न शैक्षणिक एवं नैतिक विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

जिले के अन्य विद्यालयों के शिक्षक भी रहे शामिल – विद्यालय के संचालक जगमोहन चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कोंडागांव जिले के सभी सरस्वती शिक्षा मंदिर विद्यालयों के शिक्षकों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को न केवल शिक्षण के आधुनिक और सरल तरीकों से अवगत कराना था बल्कि उन्हें छात्रें में भारतीय संस्कार नैतिक मूल्य और अनुशासन की भावना विकसित करने हेतु प्रेरित करना भी था।

प्रशिक्षण में शामिल विषय – कार्यक्रम में विभिन्न विशेषज्ञों और वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा निम्नलिखित प्रमुख विषयों पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। बच्चों को सरल और सुलभ तरीके से पढ़ाने की रणनीतियाँ, भारतीय संस्कृति और संस्कारों का समावेश शिक्षा में करें, विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने की प्रभावी विधियाँ, शिक्षा के साथ–साथ चरित्र निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना, शिक्षकों ने साझा किए अनुभव और



विचार प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने आपस में अपने शिक्षण अनुभव साझा किए और कई उपयोगी शिक्षण तकनीकों का आदान–प्रदान भी किया। शिक्षकों ने इस प्रकार के कार्यक्रम को न केवल उपयोगी बताया, बल्कि इसके नियमित आयोजन की आवश्यकता भी जताई।

विद्यालय प्रबंधन की पहल को सराहना – शिक्षकों और अतिथियों द्वारा विद्यालय प्रबंधन की इस पहल की भूरी–भूरी प्रशंसा की गई। सभी का मानना था कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों की दक्षता बढ़ाने के साथ–साथ शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मौजूद रहे ये – कोंडागांव विद्यालय प्रिंसिपल कुमारी दीक्षित प्रभा ठाकुर, वरिष्ठ शिक्षक आई पी साहू, तनूजा शेख, कुमारी तिहारी बघेल, श्रीमती उषा नाग श्रीमती कशिश देवांगन श्रीमती मनीषा चक्रधारी, कुमारी प्रिया कोर्राम एवं अन्य शिक्षक गण, रांधना विद्यालय से कुमारी पुष्पा नेताम प्रिंसिपल, कुमारी मधु मरकाम, एवं अन्य शिक्षक गण,बालोंड विद्यालय से कुमारी मनीषा मरकाम प्रिंसिपल, लोकेश कुमार नेताम एवं अन्य शिक्षक गण, फरसगॉव विद्यालय से श्रीमती सुप्रिया यादव, श्रीमती लता पांडे एवं अन्य शिक्षक गण, लुभा विद्यालय से कुमारी सेनम मरकाम प्रिंसिपल, कुमारी मनीषा मरकाम एवं अन्य, मुलमला विद्यालय से कुमारी राजेश्वरी नेताम प्रिंसिपल, कुमारी प्यार बती बघेल एवं अन्य, चिमड़ी विद्यालय से श्रीमती माधुरी बघेल प्रिंसिपल, पिंकी नाग एवं अन्य, मोहलई विद्यालय से कुमारी अंजू नेताम प्रिंसिपल, श्रीमती बबिता नाग एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

## डॉ. सरला ने प्राचार्य पद किया ग्रहण, डॉ. पटेल को दी विदाई



**कोण्डागांव।** शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोण्डागांव में शुक्रवार का दिन नई शुरुआत और भावभीनी विदाई का साक्षी बना। नव पदस्थ प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम ने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया, वहीं पूर्व प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल को एक गरिमामय समारोह में ससम्मान विदाई दी गई।

डॉ. सरला आत्रम पूर्व में शासकीय भानुप्रताप देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर में प्राचार्य थीं। वे प्रशासनिक दक्षता और शिक्षकीय समर्पण के लिए जानी जाती हैं। महाविद्यालय परिवार ने उनके स्वागत में एक भव्य आयोजन किया। अपने प्रथम उद्बोधन में उन्होंने समर्पण, सहभागिता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि संस्थान का विकास सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। डॉ. किरण नुरुति ने डॉ. आत्रम का परिचय देते हुए उनके शिक्षकीय योगदान को रेखांकित किया। समारोह के दूसरे चरण में डॉ. चेतन राम पटेल को उनके प्रेरणादायक कार्यकाल के लिए भावभीनी विदाई दी गई। उनके नेतृत्व में महाविद्यालय ने शैक्षणिक, सांस्कृतिक और अनुशासनात्मक क्षेत्रें में उल्लेखनीय प्रगति की।

# धर्मगुरु खुशवंत साहेब के हमलावरों की गिरफ्तार की मांग पर किया गया प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव**

जिला मुख्यालय कोंडागांव में सतनामी समाज एवं सर्व अनुसूचित जाति वर्ग जिला कोंडागांव के पदाधिकारियों ने एकत्र होकर सतनामी समाज के धर्मगुरु व विधायक आरंग तथा उपाध्यक्ष, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन खुशवंत साहेब पर हुए हमले के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर कार्यालय में अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

- सतनामी समाज और सर्व अनुसूचित जाति वर्ग ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर जताया विरोध

नवागढ़ से लौटते समय हमला – यह हमला 12 जुलाई 2025 की रात उस समय हुआ जब खुशवंत साहेब नवागढ़ से एक दिवसीय प्रवास कर लौट रहे थे। हमलावरों ने सुनियोजित तरीके से घात लगाकर उनके वाहन को क्षतिग्रस्त किया। समाज के अनुसार यह हमला केवल एक व्यक्ति पर नहीं बल्कि



पूरे सतनामी समाज की आस्था पर हमला है।

समाज ने कहा असामाजिक तत्वों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए – ज्ञापन के माध्यम से समाज ने छत्तीसगढ़ सरकार से मांग की कि इस शर्मनाक घटना को अंजाम देने वाले अपराधी तत्वों को शीघ्र गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए धर्मगुरु को जेट प्लस सुरक्षा प्रदान की जाए।

अगर धर्मगुरु सुरक्षित नहीं तो आम जनता कैसे धंसराज टंडन – धंसराज टंडन, जिला अध्यक्ष सर्व अनुसूचित जाति वर्ग, ने कहा कि अगर विधायक और अनुसूचित जाति प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की सुरक्षा नहीं हो पा रही, तो आम जनता कैसे सुरक्षित रह सकती है उन्होंने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

ज्ञापन सौंपने वालों में शामिल रहे ये प्रमुख पदाधिकारी – एमडी बघेल संरक्षक सर्व अनुसूचित जाति वर्ग, राधे कृष्णा बंजारे संरक्षक सतनामी समाज, पी. एल. ठावरे उपाध्यक्ष, सानू मारकंडे जिला अध्यक्ष सतनामी समाज, तरुण नाग जिला अध्यक्ष उत्कल समाज, मनमोहन नाग कोषाध्यक्ष, भागवत चतुर्वेदी, शिवरात्रु बंजारे, बुद्धू राम नाग, धंसराज टंडन अध्यक्ष सर्व अनुसूचित जाति वर्ग, सभी पदाधिकारियों ने इस हमले को समाज की अस्मिता पर चोट बताया और राज्य सरकार से त्वरित कार्रवाई की पुरज़ोर मांग की।

**पेज 11 के शेष**

### जनहित के मुद्दों पर...

परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अंधेरे के कारण दुर्घटनाएं एवं आपराधिक गतिविधियों की संभावनाएं भी बढ़ गई हैं। साफ सफाई को लेकर जागरूकता फैलाने के नाम पर केवल फोटो सेशन किया जा रहा है, वास्तविक कार्यों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, न ही किसी भी कार्य का सही तरीके से मॉनिटरिंग की जा रही है। वार्डों में जलभराव की स्थिति है। आवारा पशुओं और आवारा कुत्तों को पकड़ने एवं उनके रख रखाव की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। डेंगू,मलेरिया का प्रकोप फैलने लगा है। निगम ने दवाई छिड़काव को लेकर अब तक कोई कार्यवाही नहीं की है जबकि कांग्रेस पार्षद दल द्वारा नगर निगम आयुक्त एवं जिला मलेरिया अधिकारी को इस संबंध में मांग पत्र भी सौंपा गया है।

### डेढ़ साली की टंगिया...

अतिरिक्त कठोर कारवास भुगतना होगा। साथ ही धारा 302 भादसं में आजीवन कारावास तथा 100 रुपए के अर्थदण्ड की सजा तथा अर्थदण्ड व्यक्तिक्रम की दशा में एक माह के अतिरिक्त कठोर करावास की सजा भुगताए जाने की सजा से दंडित किया गया।

### शराब पीकर...

की हिदायत दी और कहा कि शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और सड़कों पर चालकों के गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार के विरूद्ध चलाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें।

## नशा मुक्ति, अभिव्यक्ति एप, बाल विवाह, गुड टच बैड टच की भी दी जानकारी

# छात्र-छात्रों को यातायात नियमों व सायबर क्राइम की जानकारी दी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल**

19 जुलाई को वाय अक्षय कुमार पुलिस अधीक्षक कोंडागांव के निर्देश व कौशलेंद्र देव पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं अरुण नेताम पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल व थाना प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में गिरिदीप हाई स्कूल केशकाल के लगभग 400 छात्र छात्राओं को प्राचार्य फादर टोमिक मैथ्यू व व्याख्याता शिक्षकों के उपस्थिति में उप निरीक्षक अखिलेश धीवर द्वारा महिला संबंधी अपराध,बाल अपराध एवम लैंगिक अपराध की जानकारी,गुड टच बैड टच महिलाओं की सुरक्षा,*अपराध की रोकथाम व नशा से मुक्ति, अभिव्यक्ति एप* ,साइबर अपराध जैसे अनजान व्यक्ति को ओ टी पी शेयर न करना, अनजान से वॉट्सएप





कालिंग न करना, करोड़ पति लाटरी के झांसा में न आना संबंधी जानकारी दिया गया। और अगर कोई ठगी हो जाने पर टोल फ्री नंबर 1930 में कॉल करके सूचना देने, गांव में किसी अनजान व्यक्ति के आने पर थाना में सूचना देना, कही भी गलत काम जुआ सट्टा या शराब बिक्री हो रहा है या कोई शराब पिला रहा है उसकी जानकारी थाना में देना। विस्तृत जानकारी दिया गया तथा *यातायात संबंधी जानकारी दी गई जिसमें वाहन में रखे जाने वाले दस्तावेजों आरसी बुक, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, पोलूशन, परमिट के संबंध में बताया गया। पैदल चलने मोटरसाइकिल में चलने के नियम बताए गए। जिले में घटित हो रही सड़क दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए सड़क दुर्घटना के कारण तेज रफ्तार, नशा कर वाहन चालन, ओवरलोड वाहन चालन, माल वाहन में यात्री परिवहन, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग एवम यातायात नियमों का पालन न करना एवं मौत के कारणों हेलमेट सीटबेल्ट आदि के बारे में और नौकरी लगाने के झांसे में न आना, साथ ही थाना केशकाल का नंबर विद्यार्थी और स्कूल स्टाफ को दिया गया। इस दरमियान प्राचार्य फादर टोमीक मैथ्यू , शिक्षक सेल्बी, सरिता, मैरी,भारती,रश्मि,सुमन, वृंदा,संजीत, मोनिका, संध्या, हेमंत, ममता जेकब, अनुपमा और अन्य स्कूल स्टाफ शिक्षक तथा थाना स्टाप उप निरीक्षक अखिलेश धीवर सहायक उपनिरीक्षक निहार मंडल,प्रधान आरक्षक अरुण मंडावी,महिला प्रधान आरक्षक माधुरी रावतें ,उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### बालिका जागरूकता कार्यक्रम प्रारंभ



**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा जिला सीईओ नम्रता जैन के मार्गदर्शन में बालिका जागरूकता कार्यक्रम मायद नुनी कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। सुकमा जिले में संचालित 20 बालिका आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 9वीं से 12वीं तक की किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य, आत्मरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, मासिक धर्म स्वच्छता, साइबर सुरक्षा, बालिकाओं के अधिकारों एवं निर्णय क्षमता जैसे विषयों पर जागरूक एवं सशक्त करने के उद्देश्य से मायद नुनी (हमारी बेटियां) कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा हैं। उपरोक्त कार्यक्रम को शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और शिक्षार्थ ट्रस्ट जैसे शासकीय विभागों एवं संगठन के समन्वय से संचालित किया जायेगा। कार्यकम के दौरान बाल संरक्षण अधिकारी मनीषा शर्मा, नीलिमा केन्द्रो, केंद्र प्रशासक सखी सेंटर सुश्री डालिमा गौर, जिला समन्वयक मिशन शक्ति शांति सेठिया, जिला मलेरिया सलाहकार राजेश्वरी, थाना प्रभारी पदमा जगत, चाइल्ड लाइन टीम, महिला एवं बाल विकास विभाग टीम, शिक्षार्थ टीम, पोटाकबिन अधीक्षिका एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

### 5 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर।** नक्सल हिंसा में किसी आम नागरिक के मृत होने, शारीरिक रूप से निःशक्त होने, गंभीर रूप से घायल होने अथवा किसी व्यक्ति की सम्पति की आंशिक रूप से या पूर्ण रूप से क्षति होने के फलस्वरूप राज्य सरकार द्वारा संचालित नक्सल पुनर्वास नीति के अंतर्गत कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा मृतक यालम सुकरा के निकटतम वारिस उनके पति यालम रामैया को 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## आयोग के कार्यों को लेकर आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से चर्चा

# महिला आयोग में पीड़ित महिलाओं को मिलेगा शत-प्रतिशत न्यायः दीपिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



जिला मुख्यालय के विवेकानंद हाल में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग सदस्य सुश्री दीपिका शोरी ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों सह आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक ली जिसमें महिला आयोग के अधिकार एवं कार्यों को लेकर विशेष चर्चा हुई, परियोजना स्तर की इस बैठक में 218

■ **कानून का दुरुपयोग नहीं होनी चाहिए**

कार्यकर्ता, सुपरवाइजर एवं डीपीओ व महिला सखी सेंटर के अधिकारी उपस्थित हुए जिसमें प्रत्येक सेक्टर से उपस्थित कार्यकर्ता से आयोग की सदस्य ने वन टू वन चर्चा की। बैठक में आयोग सदस्य ने महिला आयोग के कार्य उनकी शक्तियां बताते हुए कहा कि चाहे कुछ भी हो जाए आज हमें गलत के विरुद्ध आवाज उठाने की जरूरत है, आप अपने आस पास समाज के अंदर यदि महिला किसी भी प्रकार से शोषित और पीड़ति हो रही है तो उसे किसी भी उचित माध्यम से मुझ तक लाएं महिला आयोग में उन्हें अवश्य न्याय मिलेगा।

आयोग सदस्य ने उपस्थित आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आयोग में महिला के खिलाफ हुए किसी भी प्रकार के अपराधों की सुनवाई होती है, अगर आप शासकीय सेवक हैं और शासकीय कार्यालय में कोई आपको प्रताड़ति कर रहा है तो आप एक सादे कागज में अपनी समस्या मुझ तक पहुंचाए अवश्य कार्यवाही होगी इसके बाद उन्होंने कई आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से वन टू वन चर्चा कर उनकी व उनके क्षेत्र में हो रही परेशानियों को लेकर चर्चा की जिसमें कार्यकर्ताओं ने भी खुलकर उनसे चर्चा किया। सभी को सम्बोधित करते हुए आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका शोरी ने कहा कि भारतीय कानून में महिलाओं को विशेष अधिकार मिले हुए हैं परंतु कई दफा देखा गया है कि महिलाएं छेड़खानी या बलात्कार जैसे मामले में निर्दोष पुरुषों को फंसाने का कार्य करती हैं हमें इस प्रकार के कार्यों से दूर रहने की आवश्यकता है किसी भी हाल में कानून का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए, महिला आयोग किसी के दबाव में कार्य नहीं करता है यदि आप सही हैं तो निःसंदेह आपको न्याय मिलेगा।

बैठक में उपस्थित बोडको,फूल बगड़ी जैसे अंदरूनी क्षेत्रों से पहुंची कार्यकर्ताओं ने कहा कि पहली दफा हम लोगों को किसी ने महिला आयोग के सम्बंध में इतने विस्तृत रूप से बताया हम सभी को बहुत अच्छा लगा, बहुत सी नई जानकारी मिली आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका शोरी से मिलकर भी बहुत ही अच्छा लगा हमारे क्षेत्र में अब यदि ऐसी कोई भी घटना होगी तो हम उसकी शिकायत महिला आयोग में अवश्य करेंगे। बैठक के दौरान ही सुकमा के एक 14 वर्षीय नाबालिक बालिका को उड़ीसा के एक युवक द्वारा ले जाने के मामले में नाबालिग बालिका के माता पिता न्याय की गुहार लगाने दीपिका के पास पहुंचे। दीपिका ने भी उन्हें भरोसा दिलाया कि उन्हें न्याय अवश्य मिलेगा, बालिका के पिता ने कहा कि हमें पता चला था कि आज महिला आयोग की सदस्या दीपिका शोरी यहां उपस्थित हैं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्या सुन रही हैं तो मैनें भी अपनी 14 वर्षीय नाबालिक बेटी को उड़ीसा के एक युवक जो यहाँ पर किसी मुस्लिम व्यक्ति के बेल्डिंग दुकान में काम करता था उसके द्वारा बहला फुसला कर भगा ले गया है उस सम्बन्ध में न्याय पाने हेतु आया हूँ।

बैठक को सम्बोधित करते हुए डीपीओ सुश्री बिस्मिता पाटले ने कहा कि हम पोषण के साथ साथ प्रोटक्शन के सम्बंध में भी कार्य कर रहे हैं। इस विषय में आप सभी कार्य करें और जानकारी अवश्य हम तक पहुँचाएँ आज महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका शोरी ने जिन भी बातों को बताया है उम्मीद है आप सभी अमल करेंगे और ऐसी कोई भी समस्या आती है तो आप इसकी शिकायत अवश्य हम तक करें।

बैठक में प्रमिला सिंह महिला संरक्षण अधिकारी, शांति सेठिया मिशन समन्वयक, डालिमा गौर केंद्र प्रशासक,ज्योति नायडू, मनीषा शर्मा बाल संरक्षण अधिकारी, रश्मि चंद्रवंशी व महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम उपस्थित थी।

### बच्चों को दी गई कापी, पेन और चॉकलेट



**दरभा।** शनिवार को बैंक ऑफ बड़ौदा नेगानार शाखा द्वारा अपनी 118वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक विभु रंजन रथ एवं सहायक शाखा प्रबंधक कृष्णाथ लकड़ा और कैशियर चंद्रकांत सोनी एवं अन्य कर्मचारियों ने कामानार के स्थानीय स्कूली बच्चों के बीच कापी, पेन और चॉकलेट वितरित कर स्थापना दिवस को खास बनाया। बच्चों को उपहार देकर बैंक कर्मियों ने सामाजिक दायित्व का भी परिचय दिया और बैंक के प्रति लोगों का विश्वास और जुड़ाव बढ़ाने का प्रयास किया। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों ने आम जनता से अपील की कि वे बैंक ऑफ बड़ौदा में खाता खोलें और बैंक की आधुनिक सेवाओं का लाभ उठाएं।कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखने लायक थी। बैंक की यह पहल स्थानीय स्तर पर काफी सराही जा रही है।

### चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



बचेली। प्रार्थी डोमन साहू ने थाना बचेली में शॉपिंग काम्प्लेक्स के पास पोस्ट ऑफिस बचेली में अज्ञात चोर द्वारा पोस्ट ऑफिस के छत के उपर के दरवाजे से अंदर घुसकर लॉकर में रखे नगदी रकम 14326 और एक सेमसंग कंपनी का मोबाईल कीमती करीबन 5000 चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई। घटना की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को देने पश्चात पुलिस अधीक्षक गौरव राय के दिशा निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कपिल चंद्रा किरन्दुल के मार्गदर्शन में आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तार करने निर्देश प्राप्त होने पर चोरी गये मोबाईल का सायबर सेल दंतेवाड़ा से जानकारी प्राप्त किया। आरोपी सहदेव नायक का एयरटेल कंपनी का सीम का चलाना पाया गया। पूछताछ करने पर डाकघर में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी से 1 आरी ब्लेड व एक मोबाईल एवं सीम जप्त किया गया है। आरोपी को 18 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया।

### 23 जुलाई को सामान्य सभा

**बीजापुर।** जिला पंचायत बीजापुर की सामान्य सभा की बैठक 23 जुलाई को प्रातः 11:30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आहूत की गयी है। बैठक में वन, स्वास्थ्य, आदिवासी विकास, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभागों के कार्यों की समीक्षा की जावेगी। बैठक में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं सांसद विधायक सहित जिला पंचायत सदस्यों एवं सदस्य सर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष को इस बैठक में उपस्थित होने को आग्रह किया गया है।

## नियमित स्कूलों का अवलोकन कर शिक्षा व्यवस्था में लाए सुधार



हरिभूमि न्यूज : गीदम

विकासखण्ड गीदम के संकुल केंद्र घोटपाल में शिक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जनपद सदस्य एवं शिक्षा समिति सदस्य पवन कर्मा, अनिता लेकामी एवं लक्ष्मण लेकामी सरपंच घोटपाल-1, डीमन लेकामी सरपंच जोड़ातराई, बसंती लेकामी सरपंच घोटपाल -2, तीनों ग्राम पंचायत के उपसरपंच, वार्डपंच, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्य, संकुल समन्वयक घोटपाल धनेंद्र सोनी सभी 10 स्कूलों के प्रधान अध्यापक एवं पालक उपस्थित रहे। इस दौरान शिक्षा समिति के सदस्य पवन कर्मा द्वारा प्राथमिक, माध्यमिक शाला घोटपाल मड़ईपारा का निरीक्षण किया गया। शिक्षकों को समय पर स्कूल जाने, अध्यापन कार्य कालखंड, विषय अनुसार किए जाने, सरपंचों एवं शिक्षा समिति के अध्यक्षों को नियमित स्कूलों का अवलोकन कर शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु प्रेरित करने के लिए कहा गया। कार्यक्रम के अंत में संकुल समन्वयक घोटपाल के द्वारा सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया गया।

## एक पौधा वीर जवानों व एक पौधा मां के नाम रोपित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा




गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार महानिदेशालय केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के वृक्षारोपण अभियान के तहत 241 बस्तरिया बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, रोटरी क्लब जगदलपुर एवं स्थानीय नागरिकों ने साथ मिलकर 19 जुलाई को एक पेड़-वीर जवानों के नाम तथा एक पेड़-मां के नाम को प्रेरित करते हुए 241 बटालियन मुख्यालय सेडवा में तथा वाहिंनी मुख्यालय के आस-पास के ईलाकों में 450 पेड़-पौधों का पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर 241 बस्तरिया बटालियन के अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों, जवानों व उनके परिवारों, स्थानीय नागरिक तथा रोटरी क्लब जगदलपुर द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण एवं प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी को निभाने का भी प्रण लिया गया।

इस अवसर पर हरविंदर सिंह, कमाण्डेन्ट-241 बटालियन द्वारा सभी अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों, और जवानो को संबोधित करते हुए पर्यावरण के प्रति प्रेम की भावना को जागृत किया गया और यह भी बताया कि वृक्षारोपण, पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण का एक महत्वपूर्ण कार्य है। हम वृक्षारोपण कर अपने भविष्य को सुरक्षित करते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ वातावरण भी बनाते हैं। पेड़-पौधे हमें जीवित रहने के लिए जरूरी कई लाभ प्रदान करते हैं। जिनमें स्वच्छ हवा, साफ पानी, छाया और पानी शामिल है। साथ ही वृक्ष हमें आशा, अंतर्दृष्टि और दृढ़ रहने का साहस तथा बिना किसी स्वार्थ के शीतल रहने का सीख भी देते हैं।

इस अवसर पर संजय कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, निरंजन कुमार निराला, उप कमाण्डेन्ट, डॉ. बृजेश कुमार, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी, प्रमोद कुमार सिंह, सहायक कमाण्डेन्ट, रोटरी क्लब जगदलपुर के सदस्यगण एवं भारी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## कृषि महाविद्यालयों में 7 छात्रों का चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

स्वामी आत्मानंद शासकीय हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय करमरी, प्राचार्य शाहजी नाग के कुशल नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार उल्लेखनीय उपलब्धियाँ दर्ज कर रहा है। इसी कड़ी में विद्यालय के 7 छात्रों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त कर प्रदेश के विभिन्न कृषि एवं हार्टीकल्चर महाविद्यालयों में प्रवेश पाया है। गौरतलब है कि विगत दो वर्षों में जहाँ प्रति वर्ष एक-एक छात्र का चयन हुआ था, वहीं इस वर्ष यह संख्या बढ़कर सात हो गई है। यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि शिक्षकों की समर्पित मार्गदर्शन का प्रमाण भी है। इनमें भास्कर बघेल कृषि महाविद्यालय भाटापारा रायपुर, गायत्री, लच्छमनी कृषि महाविद्यालय, साजा बेमेतरा, केषावती कृषि महाविद्यालय, कांकेर, देवेन्द्र, गोलू बघेल हार्टीकल्चर महाविद्यालय, जगदलपुर, बुधराम हार्टीकल्चर महाविद्यालय, बिलासपुर में हुआ। सत्र 2024-25 में कृषि संकाय के 18 व विज्ञान संकाय के 11 विद्यार्थियों में से 8 छात्र काउंसलिंग सूची में सम्मिलित थे, जिनमें से 7 का अंतिम चयन हुआ है। विद्यालय में कृषि संकाय हेतु पृथक शिक्षक की अनुपस्थिति के बावजूद कला एवं वाणिज्य संकाय के शिक्षकों ने अतिरिक्त प्रयास कर इन विद्यार्थियों को इस मुकाम तक पहुँचाया।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य शाहजी नाग, समस्त शिक्षकगण, तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन, सुशील तिवारी, एवं बीआरसी. अजम्बर कोराम ने छात्रों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। यह सफलता शिक्षा के क्षेत्र में बस्तर जैसे अंचल की नई पहचान बनाते हुए, सरकारी विद्यालयों की गुणवत्ता व प्रतिबद्धता को सिद्ध करती है।



## सरपंच संघ की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सरपंच संघ गीदम की बैठक जनपद पंचायत के सभागार में संरक्षक घासीराम कश्यप, ऋशू राम कश्यप, टिंगरू राम लेकाम, सुकराम लेकाम के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। सरपंच संघ ब्लॉक गीदम के अध्यक्ष लक्ष्मी नाथ पोडियाम ने कहा की पूर्व में जो सरपंच संघ बनाया गया था। वह गठन के पूर्व बिना सूचना के पर्ची सिस्टम से कराया गया था। जो की अमान्य एवं निराधार है। जो की यह सरासर राजनीतिक उद्देश्य से बनाया गया संगठन है। उन्होंने कहा कि हमारा संगठन में बहुमत में तीस सरपंच मौजूद है। पूर्व में उन्होंने हमारे समर्थित सरपंचों को बिना अवगत कराए बैठक में बुलाया था। हम हमारे संघ में सभी का स्वागत है। किंतु राजनीतिक उद्देश्य से बनाया गया सरपंच संघ का हम पूर्ण रूप से खंडन एवं विरोध करते हैं। सरपंच संघ राजनीतिकरण नहीं बल्कि सभी सरपंचों के एवं सभी ग्राम के विकास के लिए शासन प्रशासन स्तर तक बात पहुंचाने का माध्यम है। आग्रह किया कि जो भी सरपंच साथी हमारे संघ के माध्यम से जुड़ना चाहते हैं उनका स्वागत है और किसी को राजनीति करना है तो वह करे। बैठक में उपाध्यक्ष मालती इस्ताम, डीमन लेकाम, शैलेश अटामी, मोतीराम सोरी, प्रमिला सुराना, सीमा कवासी, संध्या शुक्ला, ब्रिजेश कड़की, सुमित्रा अलामी, शिवानी कश्यप, मोहन वेक, गुड्डी राम कश्यप, दिनेश हपका, दिलीप नेताम, सोनारु राम वेक सहित सभी सरपंच मौजूद रहे।

## चयनित छात्रों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करपावण्ड



करपावण्ड स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा छठवी के नव - प्रवेशी छात्रों का शाला प्रवेश उत्सव व छात्र परिषद के चयनित छात्रों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। संस्था के प्राचार्य अमित कुमार पांडेय, उप प्राचार्य डा उषा शुक्ला ने सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शाला प्रवेश उत्सव के कार्यक्रम को शुभारंभ किया।

शुभारंभ पश्चात कक्षा छठवीं के नव - प्रवेशी छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। संस्था के प्राचार्य, उपप्राचार्य, उपस्थित शिक्षकों ने नव प्रवेशी छात्रों को पाठ्यपुस्तक, स्टेशनरी सामग्री वितरित किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य अमित कुमार पांडेय, उप- प्राचार्य डॉ उषा शुक्ला, व्याख्याता पीजीटी डॉ प्रमोद कुमार शुक्ल, सुभाष चंद्र साहू, गुलेश्वर साहू ने शाला प्रवेश उत्सव की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को नित्य प्रति अपने दैनिक दिनचर्या का पालन करते हुए उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर बढ़ते रहने के लिए प्रेरित दिया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम पश्चात छात्र परिषद में मनोनीत किए गए विद्यालय नायक मानु राम मंडावी, उप विद्यालय नायक लवदीप बघेल,हाउस प्रभारी क्रमशः ब्रह्मपुत्र, गंगा, गोदावरी, ताप्ती के छात्रों का बैज लगाकर , तिलक लगाकर सम्मान पश्चात शपथ दिलवाये गए। चारों हाउस के अन्य पदाधिकारी अनुशासन प्रभारी, खेल प्रभारी, स्वास्थ्य प्रभारी,बागवानी प्रभारी,पत्रिका प्रकाशन प्रभारी, प्रवक्ता प्रभारी जैसे महत्वपूर्ण परिषदों के मनोनीत छात्रों का भी शपथ ग्रहण करवाया गया साथ हि उनके कर्तव्यों से उन्हें अवगत कराया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक, कर्मचारी कमलेश डेंजारे, प्यारेलाल लहरे, ऐश्वर्या डनसेना, मोरध्वज साहू, राजय कुमार देवांगन, मोनिका सिंह, पिनाक चौहान, नरेंद्र दीवान, कृष्णा डडसेना, चैन सिंह भद्रे, तुषार विमल भोई, जितेंद्र सिंह, मनीषा राजपूत, श्रुति खान, कृतिका मंडल, नंदकुमार शर्मा, अमित ठाकुर, सुधीर शास्त्री, राकेशओझा, अरिहंत दीक्षित, निशांत द्विवेदी, हरीश बलिहार, यादराम मांडलेकर की गरिमामय उपस्थिति रही' कार्यक्रम का संयोजन, संचालन सीसीए इंचार्ज ओमप्रकाश चंद्रवंशी ने किया।

## श्री विधि और कतार रोपा से किसानों को लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिला प्रशासन, कृषि विभाग और भूमगादी की संयुक्त पहल से दंतेवाड़ा जिले में जैविक खेती की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। पारंपरिक खेती के विकल्प के रूप में अब श्री विधि, कतार रोपा और जैविक तरीकों को अपनाकर किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों से जोड़ा जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जिले को जैविक जिला बनाना है, जहां पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा दिया जा सके।

इस अभियान के तहत पहली बार जिले में 6 हजार हेक्टेयर भूमि पर रोपा, कतार रोपा एवं श्री विधि से खेती का लक्ष्य तय किया गया है। यह पद्धतियां न केवल अधिक उत्पादन दे रही हैं, बल्कि जल संरक्षण, कीट नियंत्रण और मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने में भी मददगार साबित हो रही हैं। आज 19 जुलाई को गीदम विकासखंड के ग्राम हीरानार में इस अभियान की जमीन पर प्रभावी शुरूआत हुई। उपसंचालक कृषि सूरज पंसारी, सहायक संचालक कृषि धीरज बघेल, भोले लाल पैकरा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी किशन नेताम समेत विभाग के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने कृषक लूदरु राम व अन्य किसानों के खेतों में कतार रोपा पद्धति का प्रायोगिक प्रदर्शन किया। इन प्रयासों के जरिए किसानों को खेत में ही प्रशिक्षण देकर वैज्ञानिक तरीके अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जैविक खेती की सफलता की बुनियाद किसानों को सशक्त बनाना है। कृषि विभाग के अधिकारी गांव-गांव जाकर जैविक खाद निर्माण, बीज उपचार, जैविक कीटनाशक जैसे नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, जीवामृत, घनजीवामृत आदि के उपयोग की जानकारी व्यावहारिक तौर पर दे रहे हैं।

**आम सूचना**

सर्वसामान्य को सूचित किया जाता है कि ग्राम फेजरपुर पटवारी हल्का नं 60 (अ) जगदलपुर जिला बस्तर स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 14/2 रकबा 1.61 एकड भूमि संबंधी व्यवहार वाद कमांक 65अ/2019 श्रीमती माला जोना पति स्व जयप्रकाश राव जोना एवं अन्य विरूद्ध राजकुमार मोदी एवं अन्य के विरूद्ध न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 जगदलपुर के न्यायालय में साक्ष्य हेतु दिनांक 24.7.2025 को नियत है।

उक्त दावा विक्रय पत्र को निरस्त करने एवं उक्त संपदा का स्वत्वाधिकारी होने की घोषणा हेतु प्रस्तुत है।

विदित हो कि राजकुमार मोदी एवं कोन्डल राव के पुत्रों के विरूद्ध उक्त दावा लंबित है तथा उनके द्वारा प्रतिफल की राशि वापस प्राप्त कर ली गई है और धोखाधडी से संपदा को अंतरित करने की कोशिश में लगे हुए है।

उक्त संपदा विवादित है तथा जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि उक्त संपदा को कय करने की चेष्टा न करे और विवाद से बचे रहे।

जगदलपुर- 19.7.25

**अभिषेक राव जोना**
**पिता स्व जयप्रकाश राव जोना**
**शांतिनगर वार्ड जगदलपुर**

न्यायालय तहसीलदार बस्तर,
जिला- बस्तर (छ.ग.)
प्र.क्र. क/ ब 121/24-25

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुखनाथ बघेल पिता बालसिंग बघेल जाति माड़िया निवासी ग्राम पिपलावण्ड वर्तमान ग्राम पिपलावण्ड मृत्यु ग्राम पिपलावण्ड जहाँ मृत्यु दिनांक 22.05.2023 को गंगी बघेल पति बालसिंग की मृत्यु हुआ/होना बताया जाकर मृत्यु के संबंध रिस्ते आवेदक मृतिका गंगी को माता बताते हुए उक्त मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो, तो वे नियत तिथि 03/08/2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 17/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित से जारी किया।

मुहर तहसीलदार
बस्तर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
गीदम, जिला- दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. / 202507161800009 / अ-2 / 2024-25 ग्राम-गीदम, प.ह.नं.-17, तहसील - गीदम

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमती हिना रानी गुप्ता पति श्री प्रकाश गुप्ता निवासी- गीदम, तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.) मोबाईल नं. 9425544749 के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने क्रय-विक्रय से प्राप्त भूमि ग्राम- गीदम प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. गीदम तहसील- गीदम में स्थित भूमि खसरा नं. 396/8, 396/9 रकबा 0.0120, 0.0072 हे. भूमि को कृषि भूमि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहते है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भू-खण्ड के व्यपवर्तन से यदि किसी को आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 31/07/2025 तक उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है ।

यह उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/07/2025 को जारी किया जाता है ।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
गीदम

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)



प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)

**भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग**
ग्राम-दानीटोला, पोस्ट-भैसबोड़
तहसील-डौंडी, जिला-बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200

TEAM CREATIVE

## खबर संक्षेप

### पारद शिवलिंग का रूद्राभिषेक 21 को

**धमतरी।** 21 जुलाई को सुबह 9 बजे साहू समाज भवन पीपरछेड़ी गा. में निखिलेश्वर महादेव के पारद स्वरूप शिवलिंग का रूद्राभिषेक किया जाएगा। आचार्य दिलीप मीनपाल रत्नाबांधा द्वारा रूद्राभिषेक किया जायेगा।

### राजस्व ग्राम पटेल संघ की बैठक 20 को

**धमतरी।** राजस्व ग्राम पटेल संघ की बैठक 20 जुलाई रविवार को दोपहर 12 बजे रूद्रेश्वर मंदिर परिसर रूद्री में होगी, जिसमें श्रावणी पर्व पर फलदार पौधों का रोपण किया जाएगा। साथ ही विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम होंगे। यह जानकारी पवन साहू पीपरछेड़ी गा ने दी है।

### भाजपा सरकार कर रही बिजली बिल में सांय सांय वृद्धि : कादरी

**धमतरी।** युकां के जिला प्रवक्ता तारिक रजा कादरी ने बताया कि डबल इंजन की विष्णुदेव की सरकार हर क्षेत्र में विफल है। भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ के गरीब, मजदूर एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को किसी प्रकार की राहत मुहैया नहीं करा पा रही, जिसका उदाहरण बिजली की दरों में लगातार वृद्धि है। विष्णुदेव की भाजपा सरकार ने अपने लगभग 2 वर्ष के कार्यालय में 80 पैसे प्रति यूनिट की दर से वृद्धि कर दी है, जिस कारण लोगों के बिजली बिल डबल आ रहे हैं।

### गांजा का परिवहन करते ग्रामीण पकड़ाया



**नगरी।** एसपी के निर्देशन में जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सिहावा पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल में बोरी के माध्यम से मादक पदार्थ गांजा का अवैध रूप से परिवहन कर रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक लेखराम ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम रवाना हुई। मुखबिर के बताये हुलिये के आधार पर थाना सिहावा की टीम द्वारा फॉरेस्ट नाका मेनरोड ग्राम सांकरा के समीप नाकाबंदी की गई थी। इसी दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को रोककर गवाहों के समक्ष पूछताछ एवं तलाशी ली गई। तलाशी में उसके कब्जे से भारी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया।

गुरुवार देर रात की घटना, ग्रामीणों में जमकर आक्रोश

# जोरातराई के 40 साल पुराने शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग का जलाधारी खंडित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

ग्राम जोरातराई (सिलौटी) के निस्तारी तालाब के पास निर्मित 40 साल पुराने शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग के जलाधारी को किसी अज्ञात तत्वों के द्वारा चोट पहुंचाकर खंडित कर दिया गया है। मंदिर जैसे आस्था के केंद्र पर हमला करने वालों के खिलाफ ग्रामीणों में जमकर आक्रोश है।

गुरुवार की रात किसी असामाजिक तत्वों ने पुराना तालाबपार शीतला मंदिर के समीप शिव मंदिर के अंदर प्रवेश द्वार के समीप स्थापित शिवलिंग के जलाधारी के वाम भाग को वजनदार चीजों से चोट पहुंचाकर खंडित कर दिया है। इस घटना की जानकारी सुबह जब जल चढ़ाने मंदिर पहुंचे ग्रामीण दीपक साहू को हुई। उन्होंने बताया कि मैं प्रतिदिन सुबह शाम यहां पूजा पाठ करने आता हूं। गुरुवार शाम तक शिवलिंग को कुछ नहीं हुआ था। इस घटना को गुरुवार की देर रात को अंजाम दिया गया है। किसी हथौड़े या नुकीले भारी पत्थर से नुकसान पहुंचाया गया है। अन्य श्रद्धालुओं ने बताया कि वे लोग भी शुक्रवार की सुबह ही जब स्नान कर जल चढ़ाने मंदिर पहुंचे तब स्थिति देख आहत हो गये। बहरहाल इस घटना से ग्रामीणों में जमकर आक्रोश है व इस तरह के कृत्य करने वालों की पहचान कर दंडित किए जाने की बात कह रहे हैं।



#### नशेड़ी-गंजेड़ी के अलावा गैबी शक्ति वालों पर शंका

इस घटना को लेकर मंदिर के आसपास के निवासियों एवं कुछ ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि गांव में 14 से 20 वर्ष तक के युवा पढ़ाई लिखाई छोड़ देर रात गलियों या सुनसान जगहों में बैठकर बीड़ी-गांजा का नशा करते हैं। अप्रत्यक्ष रूप से इन लड़कों को समझाइश दी जा चुकी है पर सुधर नहीं रहे हैं। उन्हें आशंका है कि कहीं इन्हीं लड़कों ने तो सुनसान का फायदा उठाकर देर रात मंदिर में घुसकर इस घटना को अंजाम दिया होगा। वहीं तंत्र-मंत्र पर विश्वास रखने वाले कुछ ग्रामीणों का कहना है कि सावन का महीना चल रहा है और इस माह गैबी शक्ति वाले भी रात में विचरण करते हैं। इस कांड में उनकी भी भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस घटना के बाद अब मंदिर समिति से जुड़े लोग शिवलिंग के नवनिर्माण के साथ अज्ञात शरारती तत्वों के बारे जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई करने चर्चा कर रहे हैं।

## युवक को ठोकर मारी और कार पलटी, दोनों की मौत



**फरसगांव।** नेशनल हाईवे 30 पर शुक्रवार की रात फिर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, हादसे में पैदल चल रहे युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है वही कार चालक की मौत हो गई है।

जानकारी के अनुसार फरसगांव नगर के बड़ेडोंगर चौक के पास शुक्रवार की रात रात करीब 8 बजे पैदल चल रहे गहरीबहार निवासी बजरू बघेल पिता चैत राम बघेल को कार क्रमांक सीजी 04 जेडी 2555 ने पीछे टक्कर मारी, जिससे बजरू कार के ऊपर आ गया। फिर कार चालक ने उसे अपनी कार के साथ करीब 3 किलो मीटर बोरगांव तक ले गया, बोरगांव के पास गिर गया। बजरु को गंभीर चोट आई जिसे बोरगांव के लोगों ने तत्काल उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल में लाकर भर्ती किया बजरू के पैर और हाथ टूट जाने से उसे बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर किया गया। वही कर चालक तेज गति से भगाने के चक्कर में उसकी कार सारबेड़ा के पास स्थित पुल के पिलर से टकरा गई। कर के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, कार चालक तापस नाथ पिता अरुण नाथ उम्र 45 वर्ष निवासी छोटेडोंगर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शनिवार को परस गांव थाना पुलिस ने मृतक कार चालक तापस नाथ के शव का पोस्टमार्टम के पश्चात शव परिजनों को सुपुर्द कर मर्ग कायम कर जांच योजना कर रही है।

फोटो पीजिएन (2)

## गुरु खुशवंत साहेब के वाहन पर हमला करने वाले उपद्रवियों को तत्काल गिरफ्तार करें



- सतनामी समाज ने मुख्यमंत्री को प्रेषित किया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सतनामी समाज के धर्मगुरु गुरु खुशवंत साहेब के नवागढ़ प्रवास के दौरान उनकी कार पर उपद्रवियों ने हमलाकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। सतनामी समाज धमतरी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने इस कृत्य को गुरु सम्मान व सतनामी समाज की आस्था पर वार बताया। वर्तमान में गुरु साहेब अनुसूचित जाति विकास प्राधिकारण के उपाध्यक्ष व आरंग के विधायक हैं। वाहन पर हमला करने वालों को तत्काल गिरफ्तार कर उचित कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि समाज का मान सम्मान बरकरार रहे।

समाजजनों ने शासन से मांग करते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों को ध्यान में रखकर गुरू साहेब को जेट सुरक्षा प्रदान की जाए। मांग करने वालों में विजय सोनवानी, भोलाराम, यादवराम, सुखदेव जोगी, ताम्रध्वज, रामेश्वर कुर्रे, प्रेमचंद, लोकेशकुमार, चंद्रप्रकाश पारले हैं।

## भाजपा सिर्री मंडल के पदाधिकारी सदस्यों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही

विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में भाजपा सिर्री मंडल के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों को विधानसभा सदन की कार्यवाही देखने का अवसर मिला। उन्होंने लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को समीप से देखा और समझा। विधानसभा में जनहित के विषयों पर हो रही चर्चा व प्रक्रिया में विधायक या मंत्रियों की भूमिका को समझने का अवसर मिला। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात किए।

गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी, कुलेश्वरी गायकवाड़ सभापति जिला पंचायत धमतरी, डॉ लोकेश साहू अध्यक्ष सिर्री मंडल, थानेश्वर तारक महामंत्री, नारायण साहू उपाध्यक्ष, हरिशंकर साहू सरपंच संघ अध्यक्ष, चंचल साहू सभापति, रूपचंद देवांगन सभापति प्रतिनिधि जनपद पंचायत कुरूद, देवेंद्र साहू पूर्व जनपद सदस्य, ललिता भतपहरी जनपद सदस्य, एवन साहू जनपद सदस्य, त्रिलोचन साहू जनपद सदस्य प्रतिनिधि, सुनील गायकवाड, रमेश भतपहरी प्रतिनिधि, नरेंद्र ध्रुवंशी सोसाइटी अध्यक्ष, गुलशन साहू सरपंच दरबा, पूरनलाल घृतलहरे सरपंच अछोटी, विजय रात्रे सरपंच, ओमप्रकाश साहू सरपंच, पूजा साहू पूर्व सरपंच फुसेरा, ईश्वरी तारक पूर्व सरपंच गोजी, जीवनलाल साहू, लीलेश साहू, लूकेश साहू व सिर्री मंडल के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने विधानसभा की कार्यवाही को देखा और समझा। भाजपा सिर्री मंडल के पदाधिकारी और सदस्यों ने विधायक अजय चंद्राकर का आभार व्यक्त किया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत



**फरसगांव।** नेशनल हाईवे 30 मांझी आठगांव के पास शुक्रवार की रात करीब 8 बजे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में बाइक चालक युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार ग्राम चिचाड़ी निवासी रोहित कुमार मरकाम पिता घढ़वा राम मरकाम उम्र 22 वर्ष फरसगांव के बड़ेडोंगर चौक में स्थित ट्रैक्टर शोरूम में काम करता है, जो शुक्रवार को अपनी बाइक क्रमांक सीजी 27 आर 8271 से मस्सुकोकोडा से वापस फरसगांव आ रहा था, तभी अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और मौके से फरार हो गया। बाइक चालक रोहित कुमार मरकाम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। फरसगांव थाना पुलिस ने शनिवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम के पश्चात शव परिजनों को सुपुर्द कर अज्ञात वाहन के खिलाफ अपराध दर्ज कर खोजबीन कर रही है।

## विद्युत दर में बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस ने दिया धरना

- बिजली आफिस का घेराव कर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरुद द्वारा विद्युत दर में हुई बढ़ोतरी के खिलाफ धरना प्रदर्शन व विद्युत विभाग का घेराव किया गया। कांग्रेसियों ने नया बस स्टैंड पर तंबू तानकर राज्य सरकार को जमकर कोसा वहीं युवा कांग्रेस ने राज्य में लगातार हो रही ईडी की कार्रवाई का विरोध कर पुतला दहन करने का प्रयास किया।

शुक्रवार को धरना प्रदर्शन को पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व राज्यमंत्री दर्जा सुश्री राजकुमारी दीवान, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव श्रीमती तारिणी नीलम चन्द्राकर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुरुद आशीष शर्मा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चन्द्राकर,पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शारदा लोकनाथ साहू, युकां विधानसभा अध्यक्ष देवव्रत साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि महंगाई की मार से जनता परेशान हैं। चौथी बार विद्युत दर में बढ़ोतरी कर राज्य सरकार की निरंकुशता व जनता के प्रति उनकी असंवेदनशीलता को दर्शाता है।

कांग्रेस की राज्य में सरकार थी, बिजली बिल हाफ था। किसानों को पांच एचपी तक निःशुल्क बिजली दी जाती थी। कांग्रेसियों ने कहा कि राज्य में जबसे भाजपा की सरकार आई है तबसे भ्रष्टाचार, लचर कानून व्यवस्था, शिक्षा में युक्तियुक्तकरण से अव्यवस्था, किसानों के लिए खाद बीज की कमी, जंगल की कटाई, स्कूल में किताबों की कमी, मदिरालय में इजाफा हुआ है। भारत माला परियोजना में क्षेत्र में भी जमकर भ्रष्टाचार हुआ है जिसमें अनेक नामचीन भाजपाइयो का नाम उजागर हो रहा है।

धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से युकां जिला अध्यक्ष नरेन्द्र सोनवानी, पार्षद मनीष साहू, अर्जुन ध्रुव, जिला महामंत्री प्रमोद साहू, नेता प्रतिपक्ष नपं कुरुद डुमेश साहू, हेमन्त नवरंगे, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष जानसिंह यादव, रमेश्रर साहू, रवि शर्मा, मनोज अग्रवाल, चन्द्रप्रकाश देवांगन, पप्पू राजपूत, लव चन्द्राकर, योगेश साहू सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे।

#### ईडी के विरोध में पुतला फूंकने का किया प्रयास

धरना प्रदर्शन के बाद कांग्रेसी पैदल चलते हुए बिजली आफिस का घेराव करते हुए जमकर नारेबाजी की। वहीं राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार रामकुमार सिन्हा को ज्ञापन सौंपा। तत्पश्चात युवा कांग्रेस द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर ईडी की कार्यवाही को विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास व राजनीतिक दुर्भावना पूर्वक कार्य किए जाने का आरोप लगाते हुए भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते पुतला दहन का प्रयास किया गया। इस दौरान पुलिस बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

## एनएसयूआई ने किया शुल्क वृद्धि का विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय नवीन महाविद्यालय कण्डेल में मनमानी फीस वृद्धि के विरोध में एनएसयूआई ने मोर्चा खोलते हुए प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। इस वर्ष जनभागीदारी शुल्क 500 से बढ़ाकर 1000 कर दिया गया है।

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजा देवांगन ने कहा कि महाविद्यालय में पढ़ने वाले अधिकांश छात्र ग्रामीण और आर्थिक रूप से पिछड़े तबकों से आते हैं। ऐसे में फीस में की गई यह बढ़ोतरी छात्रों की पढ़ाई के अधिकार पर सीधा हमला है। एनएसयूआई ने कॉलेज प्रशासन से जनभागीदारी समिति और कॉलेज स्टाफ की संयुक्त बैठक बुलाकर फीस में तत्काल संशोधन की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे। आगे कहा कि जब तक जिले के सभी कॉलेजों में राहत नहीं मिलती, तब तक बस्ता खाली- जेब खाली, छात्र अधिकार आंदोलन चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा। उन्होंने जनभागीदारी शुल्क को पूर्ववत 500 रूपये रखने की मांग की। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष के साथ पारसमणि साहू, नोमेश सिन्हा, पूरन सोनी, लिकेश साहू, घनश्याम साहू, समीर मानिकपुरी, हार्दिक, उदय सिन्हा, लक्की ढीमर, सुमीत साहू उपस्थित थे।

## नगर निगम ने 50 से अधिक जर्जर भवन मालिकों को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- तकनीकी टीम ने नगर क्षेत्र में सर्वे कर जर्जर भवनों की सूची तैयार की





नगर निगम द्वारा वर्षा ऋतु के दौरान संभावित जनहानि को रोकने के उद्देश्य से नगर क्षेत्र में स्थित जर्जर और खतरनाक भवनों की पहचान कर उनके मालिकों को नोटिस जारी किया गया है। निगम आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल एवं उपायुक्त पीसी सार्वा के निर्देश पर नगर निगम की तकनीकी टीम द्वारा संपूर्ण नगर क्षेत्र में सर्वे कर जर्जर भवनों की सूची तैयार की गई है, जो आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं। निगम के अनुसार वर्षा के दौरान कमजोर ढांचों वाले भवनों के गिरने की आशंका बढ़ जाती है, जिससे जनहानि की संभावना उत्पन्न होती है।

इसी को ध्यान में रखते हुए निगम ने उक्त भवन मालिकों को तत्काल मरम्मत करवाने या भवन को स्वयं सुरक्षित तरीके से ढहाने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल ने कहा कि नगरवासियों की सुरक्षा निगम की प्राथमिकता है। उपायुक्त पीसी सार्वा ने स्पष्ट किया कि जर्जर भवनों में निवासरत ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें नोटिस दिया गया है ताकि सुरक्षा मानको का ध्यान रखा जा सके और ऐसे भवनों में रह रहे लोग एहतियात बरते ताकि कोई बड़ी दुर्घटना न हो।

कांग्रेस पार्षदों ने कलेक्टर को मांग पत्र सौंपा

## जिला मुख्यालय के करीब रेलवे रैक पॉइंट बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



छोटी लाइन को बड़ी लाइन बनाने का कार्य शुरू हो चुका है। रैक पॉइंट (यार्ड) बनाने के लिए जगह चयनित करने की प्रक्रिया तेज है। जिला मुख्यालय धमतरी के करीब रैक पॉइंट बनाने कांग्रेस पार्षदों ने कलेक्टर के नाम मांग पत्र सौंपा। नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने कहा कि रेलवे यार्ड धमतरी के करीब बनने से व्यापार व्यवसाय में वृद्धि एवं रोजगार के साधन नए साधन उत्पन्न होंगे। यहां बहुत राइस मिले हैं। हजारों टन धान, चावल ट्रकों के माध्यम से अन्य राज्य भेजा जाता है। यार्ड बनने से रेलवे के माध्यम से अन्य राज्य भेजने में आसानी होगी। उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन ने कहा कि यहां बड़ी संख्या में आरा मिल है इमारती लकड़ियों को अन्य राज्य भेजा जाता है। यार्ड बनने से इमारती लकड़ियों को सुगमता से भेजा जा सकेगा। पार्षद सुमन मेश्राम ने कहा कि धमतरी में ही कोल्ड स्टोरेज, वनोपज, राइस ब्रांड आइल, नमकीन फैक्ट्री सहित कई फैक्ट्री तेजी से विस्तार हो रहे हैं जिन्हे यार्ड की आवश्कता है। ये बनने से व्यापार में प्रगति आएगी। पार्षद योगेश लाल ने कहा कि रेलवे यार्ड बनने से रोजगार के नए अवसर प्रदान होंगे। यार्ड के लिए मजदूर, कुली सहित अन्य आवश्कताएं होंगी जिससे आसपास के लोगों के लिए रोजगार का साधन उपलब्ध हो जाएगा। मांग पत्र सौंपने के दौरान पार्षद पूर्णिमा गजानंद रजक, रामेश्वरी कोसरे, उमा भागी ध्रुव, सूरज गहरवाल उपस्थित थे।




**GAYATRI INSTITUTE OF NURSING**
SHIV MANDIR WARD -3 NAYAPUL, DONGAGHAT,
RAIPUR ROAD JAGDALPUR (C.G.)

Under Temporary Affiliation College to Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences & Ayush University of Chhattisgarh, Uparwara, Nava Raipur

**Application are invited for following posts under Statue-16**

| S.No. | Name of the post | No. of Post | Qualification and Experience As per INC Norms |
|---|---|---|---|
| 01 | Professor cum Principal | 01 | **Essential Qualification:- M.Sc. (N)** Experience: M.Sc. (N), Ph.D. (N) having total 15 years experience with M.Sc. (N) out of which 10 years after M.Sc. (N) in collegiate programme. Ph.D.(N) is desirable. |
| 02 | Professor cum Vice-Principal | 01 | **Essential Qualification:- M.Sc. (N)** Experience: M.Sc. (N) Total 12 years, experience with M.Sc. (N) out of which 10 years teaching experience after M.Sc.(N). Ph.D. (N) is desirable. |
| 03 | Associate Professor/Reader | 02 | **Essential Qualification:- M.Sc.(N)** Experience: Total 8 years experience with M.Sc. (N) including 5 years teaching experience. Ph. D. (N) is desirable |
| 04 | Assistant Professor/Lecturer | 02 | **Essential Qualification:- M.Sc. (N)** Experience: M.Sc. (N) with total 3 years teaching experience. Ph. D. (N) desirable |

**Other terms & conditions:-**
1. Experience- As per Council Norms
2. Pay Scale- As per State Govt. Pay Scale
3. Reservation- As per State Government Norms

**Selection criteria:** Selection will decide on merit. Merit list will be prepared on the basis of Academic marks, Educational Qualification, Interview, Experience and Academic contribution of candidate in various field like-
- Number of paper publications in various national/international journals.
- Paper presentation in conferences.
- Total No. of conferences attended.

**Last date of receipt of Application:-** Within 15 Days from the date of publication of advertisement.

Incharge Registrar